हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
23 दिसंबर 2024, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 71 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का राष्ट्र के प्रति समपर्ण सभी को प्रेरित करती रहेगी।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज सिरसा के तेजाखेड़ा गाँव पहुँचकर पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि दी ।
- मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आज करनाल के इंद्री में 11 करोड़ 33 लाख रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया जबकि पिहोवा में 28 करोड़ 62 लाख की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।
- सर्दी के मौसम की पहली बरसात से किसानों के चेहरों खिले बरसात को फसलों के लिए लाभकारी बताया।

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 71 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि रोजगार मेले युवाओं को सशक्त बना रहे हैं। पिछले डेढ़ वर्ष में देश के लगभग 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध करायी गई है।

श्री मोदी ने कहा कि सरकार की नीतियों और निर्णयों के कारण ग्रामीण भारत में रोजगार और स्वरोजगार के नये अवसर पैदा किए जा रहे हैं। सरकार ने रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान, स्टैंडअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी अनेक योजनाएं शुरू की हैं प्रधानमंत्री ने कहा ड्रोन दीदी, लखपति दीदी और बैंक सखी योजना जैसे प्रयासों से भी कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध हो रहे हैं।

**********************************************************************

केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि केंद्रीय सेवाओं में भर्ती प्रक्रिया पहले की तुलना में ज्यादा बेहतर, पारदर्शी व समयबद्ध हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा से ही

रोजगार सृजन, नवाचार और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को लाभ देने पर जोर दिया है।श्री कृष्णपाल गुर्जर आज सोनीपत जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के ग्रुप केंद्र बहालगढ़ में आयोजित रोजगार मेले को संबोधित कर रहे थे।कार्यक्रम में श्री गुर्जर ने 114 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे इस दौरान उप महानिरीक्षक कोमल सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पारदर्शी व स्पष्ट भर्ती प्रक्रिया होने की वजह से युवाओं की योग्यता का सम्मान हुआ है।श्री गुर्जर ने नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं से सीधा संवाद किया और कहा कि उनके अपने काम के प्रति समर्पण से श्री मोदी की विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मदद मिलेगी।

************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। श्री मोदी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह गरीबों और किसानों के सच्चे हितैषी थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण और सेवा सभी को प्रेरित करती रहेगी।

************************************************************************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज सिरसा के तेजाखेड़ा गाँव पहुँच कर पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि दी । उन्होंने स्वर्गीय ओम प्रकाश चौटाला के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके बेटे अभय सिंह चौटाला व अजय सिंह चौटाला के साथ संवेदना व्यक्त की।मीडिया से बातचीत में रक्षा मंत्री ने कहा स्वर्गीय ओमप्रकाश चौटाला और उनके पिता भूतपूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल ने हरियाणा के लोगों की खूब सेवा की।

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि चौटाला ने किसानों के साथ-साथ हर वर्ग के लोगों के हित को ध्यान में रखा। उनके निधन से हर कोई शोक में है। स्वर्गीय चौटाला से अपने निजी संबंधों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनके जाने की कमी उन्हें भी खलेगी।

************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आज करनाल जिले के इंद्री क्षेत्र में करीब 11 करोड़ 33 लाख रुपए लागत की चार परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें मुगल माजरा गांव में 33 के.वी. सब-स्टेशन तथा मटक माजरी गाँव में तरण ताल का उद्घाटन शामिल है। इन पर 9 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत आई है। इनके अलावा मुख्यमंत्री ने बीबीपुर जाटान व दनियालपुर के उप स्वास्थ्य केंद्रों का शिलान्यास किया। इन पर 1 करोड़ 28 लाख रुपये की लागत आएगी।जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने तीसरी बार सरकार बनाने के लिए लोगों का धन्यवाद किया और कहा कि इंद्री के विधायक द्वारा रखी सभी मांगों को पूरा किया जाएगा ।

मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की जो गारंटी दी है वही गारंटी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की सरकारें अपने राज्यों में भी दें।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज पिहोवा की अनाज मंडी में भी धन्यवाद रैली को संबोधित किया। रैली में सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा और बी जे पी नेता जय भगवान शर्मा भी मौजूद रहे।इस दौरान मुख्यमंत्री ने पिहोवा क्षेत्र के लिए भी 28 करोड़ 62 लाख की परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। जिसमें प्राचीन सरस्वती नहर पर पुल, किसान सेवा सदन और 50 बेड का सरकारी अस्पताल शामिल है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य सबका साथ सबका विकास की अवधारणा के साथ हरियाणाका विकास करना है।इसके साथ ही उन्होंने पिहोवा के लिए अनेक घोषणाएं भी की।

************************************************************************

आज राष्ट्रीय किसान दिवस पर हरियाणा,पंजाब के कई हिस्सों और चंडीगढ़ में सर्दी की पहली बारिश हुई ।

सर्दी के मौसम की पहली बरसात ने किसानों के चेहरों पर खुशी ला दी है और उन्होंने इस बारिश को सभी फसलों के लिए लाभकारी बताया है।

आज जींद में हमारे संवाददाता ने किसानों से बातचीत की।

उन्होंने कहा कि बारिश सभी फसलों के लिए अच्छी है।

किसानों ने बताया कि इस बरसात से बेल वाली फसलों को भी लाभ होगा तथा मधुमक्खी पालन का व्यवसाय करने वालों के लिए भी आज की बरसात काफी लाभकारी है। बारिश कृषि के लिए तो अच्छी है ही इससे पर्यावरण भी स्वच्छ होगा और प्रदूषण में कमी आएगी।

************************************************************************